25 July 2021 to 31 July 2021

One week State Level “Van Mahotsav”

अजीत समाचार - 26/07/21

# राज्य स्तरीय वन महोत्सव मनाया




नारायणगढ़ के सरकारी कॉलेज में पौधरोपण करते हुए। (छाया : गुलियानी)

नारायणगढ़, 25 जुलाई (गुलियानी) : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ में वन विभाग के सौजन्य से भिन्न-भिन्न प्रकार के पौधे लगाकर 72 वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक पंचवटी का पौधा रोपण हुआ जिसमें बरगद, पीपल, आंवला, सीताफल और बिल्व पत्र के पौधे लगाए गए। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार द्वारा एक त्रिवेणी भी लगाई गयी जिसमे बरगद, पीपल एवं नीम के पौधे लगाए गए। महाविद्यालय स्टाफ के सदस्यों द्वारा अर्जुन, कदम्ब, पापड़ी, तुन आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार, महाविद्यालय प्राचार्य ने वन राजिक अधिकारी मोहन लाल एवं उनके अधिनस्त स्टाफ का धन्यवाद करते हुए कहा कि वन है तो हम है इसलिए इनके पालन पोषण व सुरक्षा कि जिम्मेदारी भी हमारी ही बनती है।

उन्होंने ये भी कहा कि हर जिम्मेदार नागरिक को कम से कम पांच पौधे लगाकर, उनकी सुरक्षा एवं पालन–पोषण कर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

वन राजिक अधिकारी मोहन लाल ने हरियाणा सरकार के वन महोत्सव जैसे प्रयासों कि प्रशंसा करते हुए बताया कि इस 72वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव पर 25000 से ज्यादा पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण में सरकार की जिम्मेवारी निभाई है और इस जिम्मेवारी में वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र है जिन्होंने पूरी नारायणगढ़ रेंज में भिन्न–भिन्न जगहों पर मेहनत कर पौधरोपण के कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय में आज सुभाष, संजीव कुमार, अनिल सैनी, शुभम, सतीश व अन्य प्राध्यापकों ने पौधे लगाकर वन महोत्सव मनाया।

दैनिक भास्कर – 30-07-2021

# वन महोत्सव के तहत नारायणगढ़ कॉलेज में लगाए पौधे



**नारायणगढ़** | सरकारी कॉलेज नारायणगढ़ में वन महोत्सव के तहत प्रिंसिपल संजीव कुमार की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। सरकारी कन्या कॉलेज शहजादपुर के सहायक प्रो. निर्मल सिंह, नारायणगढ़ कॉलेज की सहायक प्रो. सुमन लता ने पौधारोपण किया। मौके पर प्रिंसिपल संजीव कुमार, प्रो. अनिल सैनी, सुभाष कुमार, सर्वजीत सिंह मौजूद थे।

अजीत समाचार - 31-07-

# राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया



नारायणगढ़ : पौधारोपण करते हुए कालेज प्राचार्य संजीव कुमार, बीईओ जसमेर सैनी व अन्य। (छाया : गुलियानी)

नारायणगढ़, 30 जुलाई (गुलियानी) : राजकीय माध्यमिक विद्यालय हुसैनी में हरियाणा सरकार के वनमहोत्सव की निरंतरता में भिन्न-भिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी जसमेर सैनी ने रीठे का पौधा लगाकर लगाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा भरा बनाये रखने के लिए पेड़ पौधों का होना बेहद आवश्यक है इसलिए हमें गावों शहरों में जगह-जगह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए और पेड़ बनने तक उनकी देख भाल करनी चाहिए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के प्राचार्य संजीव कुमार ने कदम का पौधा लगाया और कहा कि प्राचीन समय से ही पेड़ पौधे हमें संरक्षण प्रदान करते रहे हैं। समय के बदलाव के चलते और आधुनिकीकरण के दौर में धीरे-धीरे मानव ने पेड़ पौधों की अवहेलना करते हुए प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है। आज उचित समय है जब हम प्रकृति को अपना संरक्षण देकर एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और इस संरक्षण की सर्वप्रथम कड़ी है पौधारोपण और उसकी उचित देखभाल। कोविड-19 से प्रभावित समाज में पेड़ पौधों का बहुत लाभदायी योगदान है। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्यध्यापिका सुदेश रानी ने सभी अतिथिगणों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. सुभाष कुमार, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. स्वरणजीत सिंह, प्रो. शुभम, अध्यापिका नीलम देवी, अध्यापिका नीलम रानी और अध्यापिका रीटा भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी - 13-08-2021

# 'राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर रा.महाविद्यालय में किया पौधारोपण'

नारायणगढ़, 12 अगस्त (धर्मवीर): राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणगढ़ में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा, पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय पुस्तकालय के सामने पौधारोपण किया गया।

इस मौके पर महाविद्यालय पुस्तकालयध्यक्ष अशोक ढींगरा ने बताया कि पुस्तकालय में विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बैठने के लिए 150 से ज्यादा कुर्सियों के साथ भिन्न-भिन्न विषय की 26264 पुस्तकें विद्यमान हैं और पुस्तकों की उचित देखरेख के लिए सोउल 2.0 नामक सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर में इनस्टॉल किया गया है। पुस्तकालय में इस समय विद्यार्थियों एवं स्टाफ के पढ़ने के लिए 10 अखबार, 20 पत्रिका एवं 6 ऑनलाइन पत्रिका तथा कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं 1 फोटोस्टेट मशीन उपलब्ध है। मुख्य अतिथि के रूप में ए.आई.पी.आर.ओ. मनोज वालिया ने शिरकत करते हुए पौधा लगाया और कहा कि प्रकृति ज्ञान का भंडार है। जो शिक्षा पुस्तकें पढ़ने के बाद भी अधूरी रह जाती है, वह पेड़-पौधों के सानिध्य में सम्पूर्ण होती है।

इस अवसर पर प्राचार्य संजीव कुमार ने कहा कि पुस्तकालय एवं पुस्तकों की महत्ता को आज के युग में कम नहीं आंका जा सकता। यह उत्तर-आधुनिक जीवन का एक अभिन्न अंग है। वहीं दूसरी ओर पेड़-पौधों के बिना यह जीवन भी संभव नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रकृति चारों तरफ फैला हुआ ज्ञान का असीम भंडार है, जो मानव में मानवता के मूल्यों का संचार करता है। इसके अलावा ए.आई.पी.आर.ओ. कार्यालय के कर्मचारी कर्मचंद तथा कॉलेज स्टाफ ने भी पौधे लगाए।

इस मौके पर प्रो. सुभाष, प्रो. अनिल सैनी, प्रो. सीमा राणा, प्रो. स्वर्णजीत, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. शुभम, डा. सतीश एवं पुस्तकालय स्टाफ सदस्य कविता एवं कुसुम उपस्थित रहे।



राजकीय महाविद्यालय में ए.आई.पी.आर.ओ. मनोज वालिया तथा प्राचार्य संजीव कुमार पौधारोपण करते हुए। (धर्मवीर)

जगमार्ग — 14-08-2021

# एसडीएम नीरज ने किया राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण



नारायणगढ़, 13 अगस्त (सुशील कुमार)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणगढ़ मे एसडीएम नीरज पहुंचे और महाविद्यालय का निरिक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने एक पौधा भी लगाया और महाविद्यालय की हरियाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें हर उचित और उपलब्ध जगह पर पौधा रोपण कर प्रकृति के संरक्षण में अपनी जिम्मेवारी निभानी चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय का अवलोकन किया और महाविद्यालय के उत्थान हेतु हर सम्भव सहायता करने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार ने एसडीएम नीरज का महाविद्यालय आने पर आभार व्यक्त किया और कहा की इन जैसे व्यक्तित्व छात्र-छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत्र बनते है और समाज से जुड़े हुए मुलभुत कार्य सदैव अनुकरणीय रहते है। महाविद्यालय प्राचार्य ने एसडीएम के अलावा तहसीलदार दिनेश ढिल्लों, नायब तहसीलदार जतिंद्र सिंह गिल, खंड शिक्षा अधिकारी नारायणगढ़ जसमेर सैनी, स्कूल लेक्चरर सुरेश गोयल, एआईपीआरओ मनोज वालिया, मुख्यअध्यापक सुरेंद्र धीमान एवं अन्य का महाविद्यालय पहुँचने पर धन्यवाद किया। पौधा रोपण के शुभ अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्य प्रो0 देवेंदर ढींगरा, प्रो0 शुभम, डा0 सतीश व अन्य उपस्थित रहे।